अपभ्रंश काव्यधारा

लेखक
देवेन्द्रकुमार जैन

प्रकाशक



कल्याणमल एण्ड सन्स
त्रिपोलिया बाजार जयपुर

१९७०

प्रकाशक
प्रकाशन-विभाग
कल्याणमल एण्ड सन्स
त्रिपोलिया बाजार, जयपुर-२

मूल्य रु ६.०० [illegible]

मुद्रक
अजन्ता प्रिण्टर्स,
जयपुर

प्रास्ताविक

अपभ्रंश अब न तो एक अनजानी भाषा है और न उसका साहित्य अप्राप्य। गत चार दशकों की खोज से जो साहित्य प्रकाश मे आया है वह यह उजागर करने करने के लिए काफी है कि अपभ्रंश—एक जीवित लोक भाषा थी और यह कि उसका क्षेत्र, किसी भी आधुनिक भारतीय भाषा से बडा था।

अपभ्रंश का युग (ईसवी ७ से १२वीं तक) ऐतिहासिक सदर्भ म सांस्कृतिक मूल्यो के ह्रास और राजनीतिक बिखराव का युग था। बिखराव की यह प्रक्रिया भाषा के क्षेत्र मे और भी तेज थी। अपभ्रंश कवि के सम्मुख दुहरा दायित्व था एक तो उसे नये पुराने के बीच सेतु बनना था और दूसरे युगीन यथार्थ के सदर्भ मे आध्यात्मिक मूल्यो की प्रतिष्ठा करनी थी। और यह अभी भी शोध की अपेक्षा रखता है कि वह अपने दायित्व के प्रति कितना सजग और सक्रिय रह सका?

प्रस्तुत सकलन का अपना विशिष्ट सदर्भ और उद्देश्य है? भारतीय विश्व विद्यालयों मे एम० ए० स्तर पर वैकल्पिक प्रश्न-पत्र के रूप म 'अपभ्रंश' का अध्ययन लोकप्रिय होता जा रहा है यह इसलिए भी क्योकि उसम शोध के नए क्षितिज और दिशाएँ हैं परन्तु प्रामाणिक और अधुनातन सकलन न होने से नए अध्येता को बडी कठिनाई का सामना करना पडता है? यह प्रयास इसी कठिनाई को हल करने की दिशा मे एक प्रयास है।

विषय को सरल बनाने के लिए समकालीन परिवेश टिप्पणियाँ और अवतरित अशों के सदर्भ दे दिए गए हैं चयन म यह सावधानी बरती गई है कि सदर्भित काव्य की बहुरगी झलक सामान्य पाठक को भी मिल जाये। पाठ्यक्रम की दृष्टि से पुस्तक कुछ बडी है परन्तु सग्रह को बडा बनाने म दृष्टिकोण यह रहा है कि विभिन्न विश्वविद्यालयो मे अपनी अपेक्षा और आवश्यकता के अनुसार पाठ्यक्रम निर्धारित किया जा सके और कुछ समय बाद दूसरे कवियो को भी पाठ्यक्रम मे म रखने के विकल्प की सुविधा रहे। अतिरिक्त इसके सामान्य पाठक के, जो परीक्षार्थी नहीं हैं उपयोग म आ सके?

'पाडुलिपि तयार करने मे जिस मनोयोग से सुश्री महेशी कपूर ने काम किया है उसके लिए मैं उन्हे धन्यवाद देता हूँ। साथ ही कल्याणमल एण्ड सस भी कम

धन्यवाद के अधिकारी वे हैं जिन्होंने—मशीनी प्रकाशनों की व्यस्तताओं के बावजूद अपेक्षित साज सज्जा के साथ 'पुस्तक' उपलब्ध करा दी।

पिछले तीन-चार सालों से मैं आलोच्यकाव्य से सम्बद्ध हूँ और यह सम्बद्धता यह विश्वास करने के लिए पर्याप्त है कि पुस्तक निश्चय ही उनका अपनापन पायेगी जिनके लिए यह समर्पित है।

देवेन्द्रकुमार

अध्यक्ष—हिन्दी विभाग
इन्दौर विश्वविद्यालय, इन्दौर

अपभ्रंश-साहित्य

(१) ऐतिहासिक सदभ म अपभ्रश प्राचीन भारतीय आयभाषा की अतिम कडी है ऐसी कडी जो न केवल प्राचीन भारतीय आयभाषा को आधुनिक भारतीय आयभाषाओ और उनके साहित्य से जोडती है वरन् दक्षिणभारत की भाषाओ और उनके साहित्य को भी किसी हद तक जोडती है। अपभ्रश और दक्षिणी भाषाओ का साहित्य सजन समकालीन साहित्य सजन है और अपभ्रश म आयभाषा के शब्दो की तुलना म आर्येतर भाषाओं के शब्द कम नही है। इस प्रकार भारतीय साहित्य धारा क नरतर्य और नानाप्रवाहा को समभन का सूत्र सचमुच अपभ्रश के हाथ में है।

(२) जहाँ तक अपभ्रश के एक भाषा रूप म विकसित होन का प्रश्न है इसका उत्तर स्पष्ट है ? अपभ्रश के विकास म वही तत्व और प्रभाव काम करते हैं जो किसी दूसरी भाषा में कर सकते हैं। अपभ्रश का सबसे बडा महत्व यह है कि आयभाषा एक से अनक कसे बनी—इसकी व्याख्या अपभ्रश क माध्यम से सही ग्रथ में की जा सकती है ? व्याकरण की दृष्टि से भी अपभ्रश का अपना एक व्यक्तित्व और आकृति है। उसका एक रूपात्मक अस्तित्व है। अभी तक के प्राप्त तथ्यो के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अपभ्रश अपन मूल रूप म उत्तर पश्चिम भारत की एक बोली थी जिसे भरत मुनि न आभीरोक्ति कहा है और जिसकी प्रकृति थी उकारात जसे 'मोरउ नच्चन्तउ'— नाचता हुआ मोर। आभीरी अपभ्रश कस बनी—इसकी कहानी लम्बी और उलझनभरी है। वसे अपभ्रश शब्द का प्रयोग पतञ्जलि न अपन भाष्य म किया है परन्तु वह सस्कृत स भिन्न शब्द के लिए है जसे गौ के लिए—गावी, गोणी गोपोतलिका इत्यादि। सबसे पहले सस्कृत साहित्यालोचक दडी न यह बताया कि बोलचाल की आभीरी साहित्यभाषा के रूप म न केवल अपभ्रश कहलाती है प्रत्युत उसकी अपनी साहित्यिक कृतियाँ हैं जिनका उसन सस्कृत और प्राकृत साहित्य के साथ, उल्लेख समानातर उल्लेख किया है।

भरतमुनि और दडी के बीच दो तीन सौ वर्षों का अन्तर तो सहज ही था। आभीरी को अपभ्रश कहलान म इतना समय लग जाना कोई बडी बात नही। प्रसिद्ध सस्कृत गद्यकार कवि बाणभट्ट के समय अपभ्रश भाषा के नाम स जानी जाती थी। इसके हर्षचरित म प्राकृत कवि वायुकुमार के साथ भाषा कवि ईशान का भी उल्लेख है। यहाँ भाषा का आशय अपभ्रश से है ईशान अपभ्रश कवि थ इसम सन्देह

स्थापित भी यहाँ तक जाता क्योंकि पुष्पदन्त ने महापुराण में उनका अपभ्रंश कवि के रूप में उल्लेख किया है — चउमुहु सयम्भु सिरिहरिसु दोणु णालोइउ कइ ईसाणु बाणु। ईशान बाणभट्ट का परम मित्र था। इससे स्पष्ट है कि सातवीं सदी के पूर्वार्ध से अपभ्रंश में कविता लिखी जाने लगी थी, परन्तु उसमें ईशान जैसे प्रसिद्ध कवि भी हो चुके थे। इस प्रकार मोटे तौर पर ईसवी सातवीं सदी से १२वीं सदी तक अपभ्रंश साहित्य का युग कहा जा सकता है। स्वयम्भूछन्द के अवतरणों से भी यह तथ्य प्रमाणित है कि स्वयम्भू के पहले कई अपभ्रंश कवि हो चुके थे। इनमें प्रबन्ध और मुक्तक दोनों प्रकार के कवि सम्मिलित हैं।

(४) अपभ्रंश के युग की समाप्ति १२वीं ईसवी में ही मानना उचित और न्यायसंगत है, यद्यपि अपभ्रंश में इसके बाद (१६वीं १७वीं तक) काव्य रचना होती रही। १२वीं के बाद वस्तुतः अवहट्ट और आधुनिक भाषाओं के साहित्य का युग है। राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से इस युग का प्रतिनिधित्व नई बोलियों का साहित्य करता है न कि अपभ्रंश का। राजनीति के सन्दर्भ में यह भारतीय इतिहास का राजपूत युग है। जिस प्रकार मौर्य और गुप्त साम्राज्यों के समय में संस्कृत परिष्कृत होकर अभिव्यक्ति का माध्यम बना, बुद्ध और महावीर की क्रान्ति से पालि और प्राकृत को मान्यता मिली, उसी प्रकार हर्षवर्धन के राजनीतिक उथल-पुथल से अपभ्रंश को महत्त्व मिल गया। हर्षवर्धन (६०६ से ६४८) शासन के बाद साम्राज्य का जब विघटन हुआ तो देश टुकड़ों में बँट गया। लगभग सौ वर्ष का समय अराजकता और राजनीतिक अस्थिरता का युग था। ६४६ से ८१६ ईसवी तक उत्तरी गंगा घाटी बाह्य आक्रमणों और आन्तरिक संघर्ष की भूमि बनी रही। हर्ष के निधन के कोई सौ साल बाद भारत में तीन महाशक्तियाँ अपनी स्वतन्त्र सत्ता स्थापित करने में सफल हो गयीं—(i) दक्षिणापथ के राष्ट्रकूट (ii) राजपूताने के भिन्नमाल या श्रीमाल के गुर्जर प्रतिहार (iii) पूर्वी भारत का प्रसिद्ध पाल वंश। महोदयश्री (कन्नौज) को हथियाने के लिए इनमें कठोर संघर्ष हुआ। अन्त में प्रतिहारों ने उस पर कब्जा कर लिया। इस समय कन्नौज का वही महत्त्व था जो मुगलकाल में दिल्ली का। इसके अतिरिक्त छोटे मोटे दूसरे राजनीतिक इकाइयाँ भी थीं जैसे गुजरात के चालुक्य, अजमेर के चौहान, पश्चिम के नागर, गहड़वाल व चन्देल और परमार। इस काल की दूसरी मन्दगामिनी किन्तु महत्त्वपूर्ण घटना है अरब आक्रमण। ७११ ईसवी में मुहम्मद बिन कासिम की चढ़ाई से यह प्रक्रिया प्रारम्भ होती है और ११७४ में जयचन्द के पतन के साथ समाप्त।

(५) अपभ्रंश युग के राजा प्रायः लड़ाकू होते थे। मल्लयुद्ध के सिवा जनता पशुओं से युद्ध करना उन्हें विनोद प्रिय था। कला और विद्या के प्रति अनुराग उनमें था। वंशगत भावना उग्र थी। राजनीतिक नीति वंशगत के लिये वंशहित

सम्बन्धों पर विशेष जोर दिया जाता था। सामाजिक स्थिति में परिवर्तन तेजी से हो रहा था। ब्राह्मण और किसान सेना में भरती होते थे। उच्च कुल की स्त्रियाँ शासन में भाग लेती थीं। राजवर्ग और साधारणवर्ग के रहन-सहन में काफी अन्तर था। ऊँची शिक्षा के प्रबन्ध के उदाहरण मिलते हैं, परन्तु ग्राम्य स्तर पर शिक्षा की व्यवस्था का कोई उल्लेख नहीं है। व्यक्तिगत रूप से गावों में पढ़ाई होती थी। दस्तकारी या अथवा दूसरी विद्याएँ बेटा बाप से ही सीखता था। पुरानी धर्म साधनाओं और देवी देवताओं की उपासना के साथ नये धार्मिक विचार भी विकसित हो रहे थे। इस नयी आस्तिक भक्ति चेतना का केन्द्र तमिल देश था। यह विचार चेतना शीघ्र सारे देश में फैल गयी। ऐसा लगता है कि साधनात्मक और वैराग्य प्रधान आध्यात्मिक साधनाओं के विरुद्ध प्रवत्यात्मक शिव या विष्णु भक्ति का प्रचार करना इनका उद्देश्य था। १०वीं सदी में आसपास प्रदार ने उनके गीतों का सकलन तवारम' के नाम से किया जो तामिल शैव धर्म के लिए वेद' है।

(६) नयी भक्ति फलने के अधोलिखित कारण थे—

(I) राज्याश्रय के कारण जनता में प्रचार

(II) जनभाषा में गीतों की रचना

(III) शिव विष्णु के लोकोत्तर व्यक्तित्व द्वारा जनता में विश्वास की भावना पैदा करना

(IV) सुन्दर रागों में गीतों को गाकर प्रचार करना।

सदर्भित युग में उत्तर भारत की तुलना में दक्षिणभारत में धार्मिक विचार धाराओं का सघर्ष अधिक सक्रिय था। ये सारी विचारधाराएँ भारतीय थीं। विष्णुमत की अपेक्षा शैवमत अधिक सुगठित था। जैन धर्म और शैवमत में सघर्ष था। बौद्ध धर्म अवनति पर था। कुछ इतिहासकारों की मान्यता है कि ईसवी सदी ६३६ में अरब जहाज भारतीय समुद्र के किनारे पहुँचे। तब से अरब व्यापारियों का सम्बन्ध इस देश से रहा है एक सदिग्ध धारणा यह भी है कि ईसाइयों का दक्षिण भारत में बसना इस समय तक प्रारम्भ हो गया था और इसलिए नई उठती हुई अद्वैतात्मक भक्ति आत्मसमर्पण, सामाजिक समानता और गुरु की आवश्यकता पर जोर दिये जाने आदि बातों को उक्तधारणा मुस्लिम या ईसाई प्रभाव मानती है परन्तु यह सास्कृतिक और ऐतिहासिक दोनों दृष्टि से गलत है।

साम्प्रदायिक मतभेद के बावजूद सहिष्णुता का भाव था। मत-परिवर्तन वैवाहिक सम्बन्धों में बाधक नहीं था। धर्म की शक्ति बढ़ना न बढ़ना राज्य के आश्रय पर निर्भर करता था। यह युग मन्दिरों के ठाट बाट का युग था। आलोच्य युग के उत्तरार्ध में उग्र मध्यात्म सिद्ध साधना हठयोग भक्ति आदि साधनाओं

और खण्ड काव्य। जहाँ तक प्रबन्ध काव्य का सम्बन्ध है यह धारा परम्परागत पौराणिक काव्यों से प्रारम्भ हुई। बहुत सी प्रवृत्तियों में समानधर्मी होते हुए भी पुराण काव्य की तुलना में चरित काव्य की अपनी विशेषताएँ हैं, जैसे चरित काव्य में अप्राकृत तत्व का सकोच वस्तु विकास में यथा समय धारावाहिकता, धार्मिकता, लौकिकता और संक्षिप्तता। चरित काव्य और कथा काव्य एक ही बात है—और इनकी सबसे बड़ी विशेषता है लौकिक और शास्त्रीय परम्परा का समन्वय। चरित काव्य की अपनी टेक्नीक है, गीततत्व युक्त द्विपदी के आधार पर छन्द की लयात्मक तुकान्त रचना कडवक की योजना इसी टेक्नीक के परिणाम हैं। वस्तु वर्णन की दृष्टि से काव्य समृद्ध है, विवाह गोकुल शबरबस्तियों कृष्णलीला स्वयम्बर और जल क्रीडा का वर्णन विशेष महत्व रखता है। रूप चित्रण में ये कवि बेजोड़ हैं, वह भी भाव के अनुरूप रूप चित्रण करने में। स्त्रियों की रूपात्मक प्रतिक्रिया भी ये खूब चित्रित करते हैं। प्रकृति चित्रण और अलकार योजना भी इनमें मौलिकता को लिए हुए है। चरित काव्य की तुलना में पुराण काव्य एक प्रकार से चरित्रों का संग्रह ग्रन्थ है। इनमें काव्य और कथानक दोनों से संबंधित रूढ़ियाँ देखी जाती हैं। चरित काव्य की दो उपधाराएँ हैं चरित काव्य (धार्मिक) और रोमांटिक काव्य। चरित काव्यों की एक विशेषता यह है इनके अन्तर्गत गीति तत्व भी है। राम और कृष्ण के इतिवृत्त पर लिखित चरित काव्य की धाराएँ आलोच्य काव्य में देखने परखने की वस्तु है।

(६) खंड काव्य भी दो चार उपलब्ध हैं उदाहरण के लिए संदेश रासक' सुखान्त खण्डकाव्य है, कुछ आलोचक पहले इसे गीतिकाव्य मानते थे और अब कहते हैं कि वह क्षीणधर्मा प्रबन्धकाव्य है ? वस्तुतः इस काव्य में घटनाक्रम कम और प्रतिक्रिया अधिक है। मुक्तक काव्य की परिभाषा के बारे में अभी तक यह कहा जाता रहा है कि उसे इतिवृत्तविहीन होना चाहिए। परन्तु यह ठीक नहीं। मुक्तक का अर्थ है जो पूर्वापर संदर्भविहीन हो, वह अपने आप में मुक्त हो। अतः भावना के अतिरिक्त घटना या इतिवृत्त का खंड भी मुक्तक काव्य का विषय बन सकता है। संस्कृत आलोचक राजेश्वर ने इसका विस्तार से विवेचन किया है। अपभ्रंश में इतिवृत्तात्मक मुक्तकों के काफी उदाहरण मिलते हैं। गेयमुक्तकों के रूप में जो रचनाएँ मिलती हैं उनमें से अधिकांश गीतनृत्यात्मक रचनाएँ हैं। अपभ्रंश में इतिवृत्तात्मक की परम्परा अधिक लोकप्रिय रही हैं इसके अतिरिक्त कुछ गेयमुक्तक अपभ्रंश काव्यधारा के भीतर मिलते हैं। यह कहा जा चुका है कि अपभ्रंश प्रबन्ध काव्य के स्वरूप गठन में गीत के कई तत्वों को ले लिया गया है। मुक्तक के रूप में दोहा काव्य बहुत बड़ी मात्रा में उपलब्ध है जैसा कि पाठक देखेंगे कि यह आध्यात्मिक और लौकिक दोनों रूप में उपलब्ध है। गहराई से देखने पर यह साफ हो जायगा—

कि लोक में प्रचलित काव्य विधाओं ही आगे चलकर शास्त्रीयविधाओं का रूप ग्रहण करता हैं। लोक की अधिकता के कारण अपभ्रंश की दूहा विद्या भी बहुत थी। कुछ विद्वानों का मत है कि प्रारम्भ में 'दूहा' या 'दोहा'—दो पंक्तियों वाले छन्द का सामान्य नाम था बाद में खास प्रकार के छंद को दोहा कहने लगे। इसमें संदेह नहीं कि अपभ्रंश छन्द का आधार, दो पंक्तियाँ और तुक (अन्त्यानुप्रास) है। अपभ्रंश कवियों ने अपने छन्द की प्रकृति के भीतर संस्कृत के वर्णिक छंदों को लाने का सफल प्रयास किया है। इस प्रकार अपभ्रंश कवि शास्त्रीय और लोक काव्य के बीच सेतु का काम करता है। प्रस्तुत काव्यधारा में दो प्रकार की अंतर्धाराएँ हैं प्रवृत्ति-मूलक या कर्मकांड में आस्था रखने वाली विचारधारा और निवृत्तिमूलक या विशुद्ध अध्यात्मवादी विचारधारा। विशुद्ध अध्यात्मवादियों में भी दो उपधाराएँ हैं—(१) जैन विशुद्ध अध्यात्मवादी (२) सिद्ध सहज अध्यात्मवादी। बाह्य आडम्बर का विरोध आत्मा की स्वतन्त्रता चित्तशुद्धि और करुणा, इनमें समान रूप से मिलती है। नियति की विडम्बना के प्रति अपभ्रंश कवि का स्वर सबसे अधिक आक्रोशपूर्ण है। वह अनुभव करता है कि भाग्य की विवशताओं के आगे मनुष्य का नत होना ही पड़ता है। जीवन के उतार चढ़ाव को भी वह संवेदनशील स्वर में अभिव्यक्ति देता है। कुमार भविसयत्त अपनी पत्नी से कहता है '*सुन्दरी! जीवन के गत उतार चढ़ाव* पर खेद करना व्यर्थ है, क्योंकि यदि मनुष्य जीवन है तो उसमें संयोग वियोग होगा ही? मैं मानता हूँ कि यौवन को जरा रूपी डायन खा जाती है परन्तु मनुष्य की सबसे बड़ी हार इस बात में है कि वह अपनी जिन्दगी से ऊब जाय।'

(१६) आलोच्य साहित्य में समाज और संस्कृति का जो चित्र अंकित है वह यथार्थ से अधिक दूर नहीं है। भारतीय जीवन का यह यथार्थ क्या है? यह यथार्थ है कि भारत में आध्यात्मिक विचारधाराओं में जितने परिवर्तन हुए उतने समाज व्यवस्था और आर्थिक जीवन में नहीं। इसलिए आलोच्य साहित्य में युगीन समाज का जो चित्र अंकित है वह इतना स्पष्ट है कि किसी भी युग के बारे में 'फिट' किया जा सकता है? उदाहरण के लिए अपभ्रंश कवियों ने कलियुग का जो चित्र खींचा है वह तुलसीदास के कलियुगीन चित्र से बहुत कुछ मिलता-जुलता है इसका कारण है कि मध्ययुग में भारतीय समाज के मूल्यों में जो ठहराव आ गया था उसने अपनी सीमाएँ और *अभिव्यक्तियाँ एकदम स्थिर कर ली थी। यथार्थवादी कोण से देखा* जाय तो आलोच्य साहित्य में राजन्य वर्ग और श्रेष्ठि वर्ग का बोलबाला है दूसरा कोई वर्ग है, तो दरिद्र गरीब निम्न निम्नवर्गीय जनता—जो अपने ही पाप, कर्मों से अभिशप्त जीवन बिताने के लिए विवश है। संयुक्त परिवार के शीतयुद्ध बहुपत्नी प्रथा राजनैतिक युद्ध, कन्यापहरण स्त्रियों की दयनीय स्थिति का वास्तविक चित्रण इस साहित्य में है। समाज जाति उपजातियों और कुरीतियों में बँट फँस

चुका था। राज समाज—विशेष रौब दौब रखता था। जुआ और मल्लयुद्ध विशेष पसन्द किये जाते थे। हिंसक पूजाविधान भी थे। भक्ति का उदय हो रहा था तन्त्र मन्त्र की भी धार था। सबसे बड़ी बात तो यह है कि चीजों में मिलावट उस युग में भी होती थी। दार्शनिक वैरविरोध भी अपने उग्रतम बिन्दु पर था। धर्म आडम्बरपूर्ण था, साधना से अधिक वह प्रदर्शन की वस्तु था। इस प्रकार, इस साहित्य की सबसे बड़ी देन यह है कि उसमें काव्य की शास्त्रीय और लौकिक परम्पराओं का निर्वाह है पुरानी और नयी काव्य विधाओं के बीच एक सेतु है और यह कि उसने युग की चिंता, भाषा काव्य रूप और अन्य साधनाओं का, धूमिल पर तथ्यपूर्ण चित्र हमें दिया है। चाहे हम यह न जानें कि भारतीय साहित्य का उद्गम, आदर्श की हिम गंगोत्री या यथार्थ की चट्टान से हुआ पर यह हम जानते हैं कि वह जो अपनी नाना धाराओं में बहता है वह इसी अपभ्रंश के धरातल में।

महाकवि स्वयम्भू

कवि स्वयम्भू—अपभ्रंश के आदि कवि तो नहीं परन्तु उसके महान् कवियों में प्रथम अवश्य हैं। कम से कम तीन पीढ़ियों से इनका घराना साहित्यिक घराना था। पिता का नाम मारुतदेव था और माता का पद्मिनी। सम्भवतः इनकी दो पत्नियाँ थीं, आइच्चाम्बा और सामिअब्बा। आइच्चाम्बा विदुषी और कवयित्री थी। पति की साहित्य साधना में उसका भी सक्रिय योगदान था। इनका बेटा त्रिभुवन स्वयम्भू भी कवि था और कहते हैं उसने अपने महान् पिता की अधूरी रचनाओं को पूरा किया। इसके विपरीत उन लोगों का मत है जो मानते हैं कि कवि की समस्त रचनाएँ सम्पूर्ण थीं। स्वयम्भू—भारत के उन भाग्यशाली कवियों में एक थे जिन्हें जीवन में फला-फूला घर यश और संतोष मिला। समाज में भी प्रतिष्ठा थी। सम्भवतः इनके काव्य में निराशा और कटुता से भरी पंक्तियाँ कम हैं।

वह सुदर्शन व्यक्तित्व वाले थे। वह अपने बारे में खुद कहते हैं 'मैं दुबला पतला नाक मेरी चिपटी और दाँत विरल विरल।' वह विचारशील, उदार और व्यवहारवादी थे। ईसा की आठवीं और नवीं सदियों के बीच, किसी कालबिंदु पर उस कवि स्वयम्भू किस प्रान्त के थे इस सम्बन्ध में निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन है परन्तु इतना निश्चित है कि उन्होंने अधिकतर कर्णाटक में रह कर साहित्य साधना की। उनकी अब तक कुल तीन कृतियाँ उपलब्ध हैं—रिट्ठणेमिचरिउ पउमचरिउ और स्वयम्भू छन्द। इनके अतिरिक्त एक दो ग्रंथ और उनके बताए जाते हैं। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में स्वयम्भूछन्द का महत्व यह है कि वह लोकभाषा के छन्दों पर अधिकारपूर्वक विचार करने वाली पहली पुस्तक है। सिवाय इसके उसका महत्व इस लिए भी है क्योंकि इसमें पूर्ववर्ती और सहगामी अपभ्रंश कविता के नमूने सुरक्षित हैं।

कवि की रचना की मुख्य प्रेरणा जिनभक्ति है। रामायण—उसके लिए आत्माभिव्यक्ति का काव्य है। रामकथा को वह पुण्य से पवित्र कथा मानता है जिसके गान से उन्हें कीर्ति मिलती है। अपनी रामकथा को कवि नदी का रूपक देता है। इनके काव्य में भक्ति की तन्मयता और काव्य की सुन्दरता दोनों हैं। प्रकृति चित्रण और मनुष्य के स्वभाव की अच्छी परख इन्हें थी। परवर्ती अपभ्रंश कवियों ने स्वयम्भू का नाम बड़े आदर से लिया है।

महाकवि पुष्पदंत

अपभ्रंश काव्य का सबसे निराला और प्रतिभासम्पन्न हस्ताक्षर। कश्यप गोत्रीय ब्राह्मण। पिता केशवभट्ट और माँ मुग्धा देवी। शव धम छोडकर जन धम म दीक्षित। एकान्तप्रेमी, उग्र और भावुक। पडिता म विवाद है कि वह दक्षिण के थे या उत्तर के। प्राचीन कवियो के बारे म, इस प्रकार के विवाद व्यर्थहीन हैं। क्योकि ये कवि किसी प्रान्त के कवि नही थे, अपभ्रश एक व्यापक काव्यभाषा थी उसम किसी भी प्रात का कवि लिख सकता था यह कहना भी गलत है कि 'पुष्पदत के काव्य म द्रविड भाषा के शब्द नही हैं। अन्त और बाह्य साक्ष्यो से यह सिद्ध है कि पुष्पदत ईसा की दसवी सदी म हुए और प्रसिद्ध राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण ३ के सम कालीन थे। कृष्ण ने चोलराज पर विजय प्राप्त की थी। पुष्पदत ने भी इसका उल्लेख किया है तोडेप्पिणु चोलहो तणउ सीसु'।

महापुराण और दूसरी कृतियाँ रचने का कहानी स्वय कवि क शब्दो म यह है, एक साँझ वह थका मादा 'मलखेड' (मान्यखेट) राष्ट्रकूट राज्य की राजधानी पहुँचता है (शक स० ८९६), वहाँ मन्त्री भरत से उसकी भेंट होती है, उसी के अनुरोध पर कवि पुराण रचना म लगता है। बीच बीच मे—उसका मन उदास हो उठता परन्तु मन्त्री भरत उसे मना लेते।' एक जगह कवि लिखता है कि पहले मने भरव नामक शैव राजा की प्रशसा की थी, उससे उत्पन्न मिथ्यात्व को धोने के लिए म इस काम में लगा। वह कहता है—लो भरत, तुम्हारी अभ्यर्थना पर म जिनगुण स भरित कविता करता हूँ, धन के लिए नहीं, केवल तुम्हारे अकारण स्नेह के कारण, जिनपद भक्ति से मेरा कवित्व वसे हो फूट पडता है जसे आम के बौरो पर मधुमास मे कोयल कूक उठती है कानन मे भ्रमर गूँजन लगते हैं और नुक सुख स भर उठता है कवि सरस्वती की वदना के सदभ म जो कुछ कहता है उससे उसकी काव्य सम्बन्धी मान्यताएँ जानी जा सकती हैं भाषा प्रसन्न और गम्भीर छद और अलकार काव्य की गति और शोभा है। कवि ने बार बार अलकृता और रसभरी कथा की उपमा दी है वह काव्य म सबसे बडी वस्तु गहन अनुभूति को मानता है।

कवि का घरेलू नाम 'खण्ड' 'खण्डू जा' था। उनके साहित्यिक नाम थे अभिमानचिन्ह कविकुलतिलक सरस्वतीनिलय, काव्यपिसल्ल आदि। उनके व्यक्तित्व म विरोधी बातो का विचित्र सम्मिलन था। एक ओर वह अपने को कुक्षि मूर्ख कहते हैं और दूसरी ओर ताव मे आकर सरस्वती को यह चुनौती भी देते ह कि वह जायगी कहाँ? अपनी इस विरोधी प्रकृति के कारण उन्होंने विरोधाभास और श्लिष्ट शली का अधिक प्रयोग किया है। उनके काव्य म श्लिष्ट सरल समस्त व्यस्त, सभी प्रकार की शलियाँ प्रयुक्त हैं दशन और अनुभूति का सुन्दर समन्वय है। मात्रिक और वर्णिक छन्दो का कृत्रिम भेद इन्होने अपने काव्य म दूर कर दिया है। महापुराण जसहर चरिउ और णाय कुमार चरिउ उनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं।

धनपाल

भविसयत्तकहा के रचयिता धनपाल धक्कड़ वंश के थे। पिता का नाम माएसर और माँ का नाम धनश्री था। धक्कड़ पश्चिमी भारत की वैश्य जाति में हुए हैं अतः कवि को राजस्थानी होना चाहिए। मेरी समझ में इन्हें दसवीं सदी का मानना—असंगत नहीं। कवि के अनुसार भविसयत्तकहा—चरित्र कीर्तन है अर्थात् कथा नाम होते हुए भी है चरित ही। कवि बार बार अपने को सरस्वती पुत्र कहता है फलतः दूसरों की अपेक्षा वह अपने काव्य को सौन्दर्य के निकट रखना अधिक पसन्द करते हैं यद्यपि इनके कथा का नायक राजा न होकर वैश्य है परन्तु उसका परिवार राज्य से घनिष्ठतम रूप से सम्बद्ध है? धार्मिक दृष्टि से भविसयत्तकहा का उद्देश्य—श्रुतपंचमी के व्रत का माहात्म्य दिखाना है परन्तु इसकी कथा भी पूर्ण पारिवारिक है घटनाओं में उतार-चढ़ाव, सम्बन्ध निर्वाह भावों का घात प्रतिघात आदि का सुन्दर समावेश है? भविसयत्तकहा मनुष्य की भवितव्यता की प्रतीककथा है घटनाओं के विकास में स्वाभाविकता है। यह पहला चरित काव्य है जिसमें पात्रों के व्यक्तित्व का शुद्ध स्वतन्त्र अस्तित्व है उदाहरण के लिए पति भविस—अंगीकार करने के पूर्व भविष्यानुरूपा की परीक्षा लेता है तो दूसरे विवाह के प्रसंग पर वह भी—अपने पति से आश्वासन लेना नहीं भूलती। इसी प्रकार अपमानिता कमला तब तक स्थायी रूप से धनवइ के घर नहीं जाती जब तक वह माफी नहीं माँग लेता। अतः वस्तु विन्यास चरित्र चित्रण और वस्तुवर्णन कौशल के कारण—यह एक महत्त्वपूर्ण चरित काव्य है।

कवि धाहिल

'पउम सिरि चरिउ' के रचयिता श्री धाहिल—अपने को संस्कृत महाकवि माघ का वंशज मानते हैं। वह श्रीमाल वंशीय गुजर वैश्य थे। पिता का नाम पार्श्व और माता का महामती सुराइ। कवि के व्यक्तिगत जीवन की कुछ भी जानकारी नहीं मिलती। अनुमानतः वह १०वीं के आसपास हुए। पउम सिरि चरिउ' छोटी रचना होते हुए भी—धाहिल में कवि होने का अहसास ही नहीं कराती—बल्कि पाठक के अंतमन पर एक छाप छोड़ती है। धाहिल ने प्रस्तावना में स्वीकार किया है कि महासती दुलभा की प्रेरणा से इस काव्य की रचना की गई। कवि की वर्णन क्षमता, भावाभिव्यक्ति और प्रकृति के रंग में मानवी भावनाओं के उतार चढ़ाव को रंग देने में जो सफलता मिली है वह बहुत कम कवियों को मिल सकी है। 'पउम सिरि चरिउ' की रचना का ध्येय उद्देश्य जैन कर्म सिद्धांत का परिपाक दिखाना है। कथावस्तु सम्मिलित जन परिवार से सम्बन्धित है शैली रम्य और रोचक है, कवि के शब्दों में 'मन ललित शब्दों में अवसार दिया है और मेरा काव्य तरुणी जन का तरह बहुविकार वाला है।" कवि का महत्व यह नहीं है कि वह पारिवारिक समस्या का धार्मिक हल खोजने का प्रयास करता है वरन्, यह है कि समस्या को रखते समय वह मनुष्य स्वभाव का यथार्थवादी दृष्टि से चित्रण करता है। एक धनी परिवार में विधवा लड़की की स्थिति का गृह कलह घरलू कूटनीति और नारी की स्थिति का चित्रण करता है, तो दूसरी ओर, वियोगिनी पद्मश्री की वियोग व्यंजना में प्रकृति का तादात्म्य भी दिखाता है। धाहिल का नाम दिव्य दृष्टि उचित था। उसे मनुष्य की अन्तर्भावनाओं की अच्छी पकड़ थी। वह अपनी कथा को कर्ण रसायन धर्मकथा कहता है।

पउम सिरि चरिउ में पद्मश्री के दो दो जन्मों की कहानी है, एक जन्म में वह जो बोती है दूसरे जन्म में वही काटती है। पहले जन्म में वह धनश्री है और असमय में विधवा हो जाने पर अपने भाइयों के पास रहती है वह घर की मालकिन है और कुछ भी करने के लिए स्वतन्त्र है। वह सोचती है कहीं भाभियां मेरे खिलाफ भाइयों के कान न भर दें जिससे मेरे दान पुण्य पर अंकुश लग जाय। वह अपना रंग गांठना चाहती है। बारी बारी से दोनों भाभियों को नम्र शील पालने और चोरी न करने का ऐसा कपट-उपदेश देती है कि भाई समझते हैं कि उनकी पत्नियां ऐसी हैं व उन्हें पीटते हैं, बाद में धनश्री भाइयों से कहती है कि— 'मैं तो उपदेश दे रही थी तुम सच मान बैठे।' यह उनका मेल करा देती है। इस प्रकार उसका रौब बढ़ता है। भाभियां उसकी गुलाम हैं। दूसरे जन्म में—वह पद्मश्री बनती है और न केवल पति वियोग उसे सहना पड़ता है वरन् कुशील और चोरी का कलंक भी अन्त में तप कर मुक्ति प्राप्त करती है।

अब्दुलरहमान (अद्दहमान)

'सदेश रासक' की उत्थानिका के अनुसार, यह पश्चिम देश म म्लेच्छ देश के मीरसन नामक जुलाहा के घर के कुलकमल थे। यह प्राकृतकाव्य और गीत विषय म विशेष प्रसिद्ध था। म्लेच्छ देश स कवि का अभिप्राय पश्चिमी भारत की किसी मुसलमान बस्ती स है क्योंकि उस समय तक मुसलमान सिंध पर कब्जा कर चुके थे। ऐतिहासिक तथ्यों के सन्दर्भ म शहाबुद्दीन गोरी के अभ्युदय की पूर्व सध्या म इनका जन्म हुआ था। डॉ० हजारीप्रसाद का विचार है कि अब्दुल रहमान के पिता मीरसेन मुसलमानी धर्म अगीकार कर, पश्चिम स पूर्व भारत म चल आये थे वहीं अब्दुल रहमान का जन्म हुआ। ऐसा उन्होंने आरद्ध पच्चाएसि अद्दहमाण और मिच्छ शब्दों के अर्थ की खींचतान पर स किया है। द्विवेदी जी का विचार इसीलिए मान्य नहीं किया जा सकता क्योंकि समूची रचना म पूर्वीपन कहीं भी नहीं है।

इसम सदेह नहीं कि सदेश रासक' की रचना मध्यम श्रेणी के पाठक के लिए है, जो मुक्तक शृगार को अधिक पसन्द करते थे। कवि की वर्णन पद्धति कहीं-कहीं शास्त्रीय है अत उसे विशुद्ध लोक कवि स्वीकार नहीं किया जा सकता।

कवि रहमान का सबसे बड़ा महत्त्व यह है कि वह सधिकाल म जन्म मुसलमान होकर भी अपभ्रश म लिखने वाले प्रथम मुसलमान कवि हैं। उनका काव्य रचना के माध्यम भारतीय हैं। उसम साहित्यिकता और लौकिकता का सुन्दर मेल है। प्रकृति का उद्दीपक चित्रण है कुछ सूक्तियाँ भी हैं। उनका प्रेम सासारिक और सम है।

सदेश रासक—वस्तुत एक मुक्तक विप्रलभ काव्य है। यह एक प्रतिक्रियात्मक काव्य है जिसम विक्रमपुर की एक वियोगिनी एक पथिक स अपने विरह के उद्गार व्यक्त करती है। पथिक स कहने का अर्थ यह है क्योंकि वह एक लेख पत्र लेकर मुलतान स खभायत जा रहा था। तीन प्रकार के इस काव्य म भी कथा की काव्य की रूढ़ियों का परिपालन है। सदेश कथन स अधिक उसम प्रतिक्रिया अधिक है, बीच-बीच म वह उद्धरण भी देता है। डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी—रासक हान से गेय समझते हैं (हिन्दी साहित्य)। रासक नाम को लेकर हिन्दी आलोचकों के मन म इस प्रकार की विचार वाले काव्यों की जो भ्रान्त धारणा घर कर चुकी है, यह उसी का परिणाम है। अब्दुर्रहमान यदि पूर्व के होते, तो उनकी भाषा म कुछ पूर्वीपन होता। सदेश रासक का वातावरण भारतीय है उसम विदेशी प्रभाव कुछ भी नहीं है उनकी अपभ्रश पश्चिमी अपभ्रश है। जिस रूप म सदेश रासक है—उसम उसका महत्त्व कम नहीं होता। वह एक ऐसे मुसलमान कवि की रचना है जिसने हाल ही म धर्म परिवर्तन किया होगा, इसम शुद्ध रामायण लोकोक्तियों के साथ उहात्मक उक्तियाँ भी है प्रकृति चित्रण म जीवन के नित्य व्यापारों का समावेश हैं। पर है यह 'पाठ्य काव्य' ही।

सरहपाद

'सरहपाद' नई भाषाओं और छन्दों के युग के आदि कवि हैं, संत सिद्ध परम्परा के आदि सिद्ध होकर भी आध्यात्मिक तौर पर वह नई दिशा देने वाले हैं, उन्हें द्वितीय बौद्ध कहकर लोग अतिशयोक्ति से काम नहीं लेते।' यह कथन है स्व० महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन का। इससे स्पष्ट है कि सरहपाद का व्यक्तित्व असाधारण व्यक्तित्व था। कहा जाता है कि पूर्वीप्रदेश के किसी राजा कसबे में एक ब्राह्मण परिवार में उन्होंने जन्म लिया। यह कहना कठिन है कि वह परिवार बौद्ध था या ब्राह्मण।

सरहपाद स्पष्टतः जातिवाद और साम्प्रदायिक कट्टरता के घोर विरोधी थे। वह आठवीं सदी के उत्तरार्ध के सबसे प्रबल व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। सरहपाद के गुरु थे-हरिभद्र, जो प्रसिद्ध पालवंशी राजा धर्मपाल (७७० ८१३) के समकालीन थे। राजा धर्मपाल के अन्तिम समय शबरपाद के शिष्य लुईपाद के प्रमुख शिष्य के रूप में प्रसिद्ध हो चुका था। वह धर्मपाल का सचिव था और उन्हीं की अनुमति से उसने घर-बार छोड़ा था। इनसे सिद्ध है कि सरहपाद उससे दो पीढ़ी पहले चल बसे होंगे। इस प्रकार उनकी असाधारणप्रवृत्तियों का काल आठवीं सदी का उत्तरार्ध ठहरता है।

सरहपाद, का पहला नाम राहुलभद्र था और तब वह नालंदा विश्वविद्यालय में थे वज्रयान के प्रथम सिद्ध होने के कारण वह सरहपाद कहलाए। इनके पहले इस परम्परा में कई सिद्ध हो चुके थे परन्तु सरह ने सिद्ध विचारधारा को एक नया मोड़ दिया। उनके समय नालंदा में—दूसरी धाराओं के साथ अशोक के समय की विनय परम्परा भी थी—जिसमें भिक्षु को स्त्री छूना वर्जित था वह मद्यपान नहीं कर सकता था शरीर पर चीवर पहनना पड़ता था। राहुल ने इसका खुला विद्रोह किया उन्होंने एक शरकार की कन्या को रख लिया। वह, महामुद्रा (शरकार कन्या) के साथ खुलेआम घूमते थे।

सरहपाद ने ध्यान के साथ करुणा पर जोर दिया। करुणा के बिना ध्यान (शून्यता-योग) व्यर्थ है। उनकी अपभ्रंश रचनाओं को दोहा कोश या दोहागीति कहते हैं। उनकी प्रसिद्ध रचना दोहा चर्या गीति' में दोहों की अपेक्षा चौपाइयाँ अधिक हैं। सांकृत्यायन के अनुसार 'दोहा कोश' का उस समय अर्थ था 'दो पंक्ति वाले छंदों की कविता।' 'सात दोहा कोश—सिद्धचर्या और वज्रयानी योग का वेद मान जाते हैं। सरह की कविता में उलटवासियाँ और व्यंग्योक्तियाँ हैं। असाधारण प्रतिभा वाले इस महाकवि की कविता का संग्रह इनके शिष्यों ने किया। सरह मूलतः रहस्यवादी कवि हैं और उनके श्लिष्ट पदों में—आध्यात्मिकता के साथ कामुकता भी प्रकट होती है बाद में इस प्रकार की कविता वामाचार में सहायक हुई। एक उदाहरण है

'ऊँचे ऊँचे पर्वत पर रहता है एक शबरबाला। जिसके सिर पर है मोर पंख और गले में है गुंजामाला। उसका प्रिय शबर प्रेम में मतवाला और पागल है। अरी शबर तू हल्ला गुल्ला मत कर तेरा अपना घरवाला सहज सुन्दर है।' (दोहा कोश पृष्ठ २४)

इस प्रतीक शैली का आशय यह है कि शबर साधक है? शबरी है नैरात्मा गणिका रूप शून्यता। शबर साधक—उसी का भुजंग और जिज्ञासा है? उसका साक्षात्कार ही वस्तुतः महासुख की अनुभूति है।'

सरह विचारों की दुनिया के विद्रोही थे। और उन्होंने अपने युग के धार्मिक सम्प्रदायों और आडम्बरों का खुलकर खंडन किया। सरह अपनी समस्त रहस्यवादी विचारधारा के बावजूद सहज नैसर्गिक जीवन के पक्षपाती थे। वे सहजवाद के पहले आचार्य थे उन्होंने सांसारिक भोगों को नहीं उसमें अपनी आसक्ति को त्याज्य मानते थे। चित्त की अपार शक्ति में उनका विश्वास था और उनका कहना था कि मन को बांध रखना बहुत कठिन है? उन्होंने आचार का महत्व कम कर करुणा और शून्यता पर अधिक जोर दिया।

दार्शनिक सन्दर्भ में सरहपाद असंग के योगाचार और नागार्जुन के माध्यमिक (शून्यवाद) से सम्बद्ध हैं। असंग के अनुसार क्षणिक विज्ञानवाद का मूल तत्व आलय विज्ञान है मूल तत्व एक ही है वह है विज्ञान (चेतना) जो अपने क्षणिक रूप में सनातन है यह विज्ञान (चेतना) दो प्रकार की है।

(१) वैयक्तिक विज्ञान—प्रवृत्ति विज्ञान

(२) महाविज्ञान —आलयविज्ञान।

दृश्यादृश्य पदार्थ, इसी आलय विज्ञान का सहज परिणाम है। वह सर्वत्र व्यापी अलौकिक तत्व आलय विज्ञान है जो समुद्र की तरह अपनी क्षणिकता के कारण सदैव तरंगित रहता है। यह तरंगप्रवृत्ति ही विज्ञान—यानी चेतना है? सरह ने इस प्रवृत्ति का प्रतीक तरुवर को माना है। वे कहते हैं—

आलयतरु उमन्द

हिण्डइ अग-च्छाच्छन्द

आलय विज्ञान रूपी तरुवर विकसित है। हिलता डुलता हुआ वह स्वच्छन्द है? स्वच्छन्द इसलिए क्योंकि उसको संचालित करने वाली दूसरी शक्ति नहीं। सरह 'आलय विज्ञान' को मूल तत्व मानते हैं और उसे रहस्यमय रूप देना चाहते हैं? अतः उनके अनुसार यह मूल रहित तत्व शून्य भी हो सकता है? शून्यता की इस स्थिति में भव और निर्वाण एक है इस प्रकार उन्होंने निर्वाण का महत्व कम कर ऐहिक जीवन का मूल्य बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि संसार सहजानंद पूर्ण है और मनुष्य का शरीर ही तीर्थ है?

योगीन्द्र (जोइन्दु)

शान, उदार और विशुद्ध अध्यात्मवादी कवि थे। इन्होंने अपने विषय में कुछ नही लिखा, जोइन्दु के समय के बारे मे भी मतभेद है। कुछ विद्वान इन्हें ई० पू० सदी का मानते हैं जब कि कुछ ईसवी छठी सदी का और यह मानने का मुख्य कारण है जोइन्दु के एक दोहे 'काल लहेप्पिणु' का चड के 'प्राकृत लक्षण' मे उद्धत होना। चू कि चड सातवी के उत्तराध म हुए—अत जोइन्दु को इसके पूव होना चाहिए। परन्तु भाषा के विचार से जोइन्दु का समय, प्रस्तावित समय से बाद में होना चाहिए, जो भी हो अपभ्रश के विशुद्ध अध्यात्मवादियो मे जोइन्दु सबसे पुरान हैं, उनकी रचनाएँ उनकी आध्यात्मिक अनुभूतियो की अभिव्यक्तियाँ हैं एक विशुद्ध अध्यात्मवाद के एक छोर पर जोइन्दु हैं और दूसरे पर सरहपाद। जोइन्दु बाह्य आडम्बर के घोर विरोधी हैं, वह पारिभाषिक शब्दो का अध्यात्मपरक अथ करते हैं। 'परमात्म प्रकाश' और 'योगसार' इनके प्रामाणिक उपलब्ध ग्रथ हैं।

मुनि रामसिंह

जोइन्दु की परम्परा के हैं। यह भावुक और उग्र अध्यात्मवादी थे। इनका अनुमानित समय १०वीं और ११वीं के मध्य है। शव धम और तान्त्रिक पारिभाषिक शब्दों का इन्होंने खुलकर प्रयोग किया है। रूढियो, धार्मिक आडम्बर और पाखड के यह कटु आलोचक थे। अपभ्रश साहित्य के कुछ समीक्षक इस धारा को जन रहस्य वादी धारा कहते हैं। असल में भारतीय चिंताधारा के विकास के बारे म जो थीसिसें प्रस्तुत की जाती रही हैं वे ही गलत हैं। वह एक ही चिन्ता का स्वाभाविक विकास न होकर नाना चिन्ता प्रतिचिन्ता की क्रिया प्रतिक्रिया का परिणाम है। ऐसा समझा जाता है कि रामसिंह राजस्थानी थे परन्तु विशुद्ध अध्यात्मवादी कहीं के नही होते। विशुद्ध आध्यात्मवाद का एक रूप उपनिषदा म देखा जा सकता है परन्तु उसम चिंतन प्रबल है जबकि मध्ययुगीन अध्यात्मवाद म अनुभूति। 'पाहुड दोहा' का अथ है—'दोहो का उपहार' या दोहो म प्रतिपादित आध्यात्मिक विचार। इसम शलियाँ है उपदश अन्योक्ति और प्रतीक। और समग्र प्रतिपाद्य है अनुभूति के माध्यम से आत्मा का साक्षात्कार करना। हिन्दी के कुछ विद्वान आलोच्य युग को अंतर्विरोधो का युग मानते हैं और कुछ दो विरोधी काव्य प्रवृत्तिया का। कुछ इसम दो

के मिलन का युग मानते हैं। मेरे विचार में यह, दो व्यवस्थाओं या संस्कृतियों के संघर्ष का युग न होकर—दो दृष्टिकोणों के संघर्ष का प्रतीक काव्य है। यह संघर्ष किसी भी संस्कृति और किसी भी युग में सम्भव है। सुदूर परवर्ती संतकाव्य साधना के संदर्भ में—विशुद्ध अध्यात्मवादियों का श्रेय यह है कि उन्होंने आलोचनात्मक दृष्टिकोण लिया, परलोक की बजाय जीवन में मुक्ति की कल्पना की आसक्ति से ऊपर उठने का भरपूर व तमाशा दिखाया, आत्मा-परमात्मा के मिलन के लिए प्रेमी प्रेयसी की कल्पना की सम्प्रदायवाद और धार्मिक आडम्बरों का खुला विरोध किया।

देवसेन

असली सवयधम्म दोहाकार कौन है ? यह निर्णय नहीं किया सकता। कुछ विद्वान इसका लेखक देवसेन को मानते हैं जब कि कुछ लक्ष्मीचन्द्र को। देवसेन—जैसा कि कृति के नाम से ही जाना जा सकता है कि श्रावक धर्म का उल्लेख करते हैं। वह धर्म के आचरण पक्ष के कवि हैं और धर्म का उद्देश्य उनके लिए लौकिक समृद्धि और श्रेयता प्राप्त करना है। यही कारण है कि पुण्य और दान का बड़ा व्यापक महत्व उन्होंने प्रतिपादित किया है।

दोहा कोश-गीति

सिद्ध सरहपाद

सरह भणइ जग वाहिअ आलें ।
णिअ सहाव ण लक्खिअ नालें ॥१॥

करुणा सहित भावना

अहवा करुणा केवल साहअ ।
सो जमन्तरे मोक्ख ण पावअ ॥
जइ पुण वेएणवि जो जण साक्कअ ।
णउ भव णउ णिव्वाणें थाक्कअ ॥२॥
जइ पच्चक्ख कि झाणे कीअइ ।
अहवा भाण अन्धार साधिअअ ॥
सरह भणइ मइ कड्ढिअ राव ।
सहज सहाउ णउ भावाभाव ॥३॥

चित्त

चित्तेक चित्त सअल बीअ भव णिव्वाण जम्म विफुरंति ।
त चिन्तामणिरूअ पणमह इच्छाफल देइ ॥४॥
वज्झइ कम्मेण जणो कम्मविमुक्केण होइ मणमुक्को ।
मणमोक्खेण अणुअर पाविज्जइ परम (णि) व्वाणें ॥५॥

---

१ सरह कहते हैं कि दुनिया भ्रम में बह रही। मूढ़ अपना स्वभाव नहीं जानता।

२ जो केवल करुणा की साधना करता है वह जन्मान्तर में भी सुख नहीं पाता। जो जन दोनों को साध सकता है वह न निर्वाण में थकता है और न संसार में।

३ यदि वह प्रत्यक्ष है तो ध्यान से क्या करिए। अथवा ध्यानान्धकार को साधिए। सरह कहते हैं मैं पुकार कर कहता हूँ कि सहज स्वभाव न भावरूप है न अभाव रूप।

४ चित्त एक है वह सबका कारण है जन्म और निर्वाण दोनों उसमें चमकते हैं। इच्छाफल स्वरूप उसे नमन करो वह इच्छाफल देता है।

५ कर्म से जन बंधता है कर्ममुक्त होने पर, मन मुक्त होता है और मन की मुक्ति से ही पाता है जन मोक्ष।

जाव ण अप्पउ पर परिआणसि।
ताव कि देहाणुत्तर पावसि॥
एमइ कहिउ भान्ति ण भावा।
अप्पउ अप्पा बुज्झहि तावा॥२०॥

विसअ रमन्त ण विसअहि लिप्पइ।
उअल हरन्त ण पाणी छिप्पइ॥
एमइ जोइ मूल सरन्तो।
विसअ ण बाहइ विसअरमन्तो॥२१॥

पडिअ सअल सत्थ वक्खाणअ।
देहहि बुद्ध वसन्त ण जाणअ॥
अवणागमण ण तेन वि खण्डिअ।
तउ णिलज्ज भणइ हउ पण्डिअ॥२२॥

सहज अवस्था

जत्तइ चित्तहु विप्फुरइ तत्तइ णाहु सरूअ।
अण्ण तरंग कि अण्णु जलु भवसम खसम सरूअ॥२३॥

ण तम वाणे गुरु कहइ, णउ त बुज्झइ सीस।
सहज महारस हलें अमिअरस, कासु कहिज्जइ कीस॥२४॥

---

२० जब तक नहीं जाने आपन पर को तब तक कैसे अनुत्तर देह को पा सकता है। ऐसा कहा गया है इसमें भ्रान्ति नहीं उस आत्मा आत्मा को पहचान लेता है।

२१ विषय का भोग करता है विषयों में लिप्त नहीं होता। कमल तोड़ता परन्तु पानी से नहीं छूता। इस प्रकार योगी मूल को गहता है विषय में रमता हुआ भी उससे बाधक नहीं होता।

२२ पण्डित सब शास्त्रों का व्याख्यान करता है परन्तु देह में बसते बुद्ध को नहीं जानता। इससे आना जाना नहीं मिटा फिर भी निर्लज्ज अपने को पण्डित कहता है।

२३ सहज अवस्था—जब तक चित्त चमकता है तब तक स्वरूप नहीं जाना जा सकता। क्या तरंग अलग है और पानी अलग है? स्वरूप संसार और शून्य दोनों के समान है।

२४ न तो गुरु वचन से कहता है और न शिष्य उसे समझ सकता है। हे सखी! सहज स्वभाव अमृत रस है, वह किससे कहा जाय।

जतइ पइसइ जलेंहि जलु, तत्तइ समरसु होइ ।
दोस गुणाअर चित्तता वढ पडिवक्ख ण होइ ॥ २५॥

रिद्धि सिद्धि हलें वेरिण न काज्ज ।
पाप पुण्ण तहि पाडहु वाज्ज ॥
सो अ (?)णुत्तर बुज्झहिं जव्वें ।
सरह भणइ जग सिज्झइ तव्वें ॥२६॥

ऐहिकतावादी कोण

एत्थु से सरसइ सोवणाह, एत्थु से गङ्गासाअरु ।
वाराणसि पआग एत्थु से चाँद दिवाअरु ॥२७॥
खेत्त पिट्ट उअपिट्ट, एत्थु मइ भमिअ समिट्ठउ ।
देहासरिस तित्थ, मइ सुणउ ण दिट्ठउ ॥२८॥
जग उपपाअणे दुक्ख नहु, उप्पण्णउ तहिं सुहसार ।
उप्पण उप्पाअ णहिं लोअ ण जाणइ सार ॥२९॥

बुद्ध नि वअणें एत्तवि धम्म ।
लोआचारें एत्तवि कम्म ॥
सअल तत्त सहावें देक्खइ ।
लोआचार जे तहिं उएक्खइ ॥३०॥

---

२५ जितना जल जल म समा जाता है, उतना ही समरस होना चाहिए, दोष और गुणो का आकर चित्त तव विपरीत नहीं होता ।

२६ हे सखा ऋद्धि और सिद्धि दोना से काम नहीं। पाप पुण्य पर वज्र पडे । वही अनुत्तर को समझ सकता है और वही तव सिद्ध हो सकता है—ऐसा कहते हैं ।

२७ यहा (?ह) सरस्वती है, यहीं सोमनाथ है यहीं है वह गगासागर, यही है वाराणसी और प्रयाग, चन्द्रमा और सूरज ।

२८ यह क्षेत्र पीठ उपपीठ, म समाधि पर भटका। देह क समान तीर्थ, न मैने देखा और न मैंने सुना ।

२९ जग में उत्पन्न होने म बहुत दुख है उत्पन्न होने पर ही सुखसार हैं उत्पन्न और उत्पाद कुछ नहीं है, दुनिया यह तत्त्व सार नहीं समझती ।

३० बुद्ध के वचन से यही धर्म है लोकाचार म यही कर्म है जो सकल तत्त्व को अपने स्वभाव म देखता हैं तब वह लोकाचार की उपेक्षा करता है ।

सहजयान

जइ पमाण विहि नम वउ लद्धउ भेउ।
जइ चण्डाल घर भुञ्जइ तओवि ण लग्गइ लेउ ॥३१॥

सहानुभूति

जिणवर-वअण पतिज्जहु मा-ई।
सरह भणइ मइ कहिअउ थाऍ॥
सहजें सहज वि जाहिअ जवें।
अचिंत जोएँ सिज्झइ तेॅ ॥३२॥

शून्य निरंजन

सुण्ण णिरञ्जण परम प जुइणोमाअ सहाव।
भावहु चित्त सहावता, जउ णासिज्जइ जाव ॥३३॥

परमपाद साधना

सुण्णहि सम्मे सुण्ण पउ।
तहि स धाण पइसरइ ॥
स त्र धम्म स लसम करीहमि।
समम सहावें चीअ द्ठवीहमि ॥३४॥
सरह भणइ एह दुइ पावहु।
तुरिअ दुक्ख सिन्धु णिवारहु ॥
एहु घर टठिअ महिला मणु मा।
एहु णु री मउ मण साँहि कदमा ॥३५॥

---

३१ यदि प्रमाद से या बुद्धि से ह सूत्र रहस्य जान लिया है फिर यदि चण्डाल के घर भी खाता है तो ह सूत्र को भी पाप नहीं लगता।

३२ जिनवर-बुद्ध के वह वचन सत्य समझो। सरह कहता है कि मने बाँचकर ही यह कहा है। जब सहज न सत्य को जान लिया अचिन्त्य योग में तुम तभी सिद्ध हो गए।

३३ शून्य निरञ्जन परमपद है स्वप्न तुल्य स्वभाव। चित्त की इसी स्वभावता का ध्यान करो कि जब तक वह नष्ट नहीं होता।

३४ शून्य में शून्य पद है उसे सधान करते हुए प्रवेश करना चाहिए, सब तत्वों को जो प्रियतम बना लेते हैं और स्वभाव से चित्त को शून्य सम कर लेते हैं।

३५ इससे ही दोनों को प्राप्त हो तुरन्त दुःख और मृत्यु को दूर करो। इसी घर में स्थित महिला मनुष्य, ह ममा कम यह स्वाद नहीं देता।

पासें पाम भमन्ते अन्छह ।
सरह भणअ तसु घरिणी णेन्छअ ॥
साद्‌ के खाद्धउ सअल जगु ।
सद्‌ का ण केणवि खाद्ध ॥३६॥



३६ पास पास रहते हुए घूमते हुए भी सरह कहते हैं, उस घरनी को नही चाहते। शका ने ही सब जग खा लिया, शका को कोई नही खा सका।

जोइन्दु

गउ संसारि वसंताहं सामिय, कालु अणंतु।
पर मइं किं पि ण पत्तु सुहु दुक्खु जि पत्तु महंतु ॥१॥

जसु अब्भंतरि जगु वसइ, जग अब्भंतरि जो जि।
जगि जि वसंतु वि जगु जि णवि मुणि परमप्पउ सो जि ॥२॥

अप्पा जणियउ केण ण वि अप्पें जणिउ ण कोइ।
दव्व सहावें णिच्चु, मुणि, पज्जउ विणसइ होइ ॥३॥

जीवहं कम्मु अणाइ जिय जणियउ कम्मु ण तेण।
कम्में जीउ वि जणिउ णवि, दोहिं वि आइ ण जेण ॥४॥

बंधु वि मोक्खु वि सयलु, जिय जीवहं कम्मु जणेइ।
अप्पा किंपि वि कुणइ णवि णिच्छउ एउ भणेइ ॥५॥

देहहं पेक्खिवि जर-मरणु मा भउ जीव करेहि।
जो अजरामरु बंभु परु, सो अप्पाणु मुणेहि ॥६॥

---

१ सामिय—स्वामी। किं पि ण—कुछ भी नहीं। सो जि—वही। दव्वसहावें—द्रव्य के स्वभाव से। अणाइ—अनादि। जणियउ—जनित उत्पन्न किया। कुणइ—करता है। णिच्छउ—निश्चय से। भणइ—कहता है।

२ जिसके भीतर जग रहता है और जो जग के भीतर रहता है, लेकिन जो जग के भीतर रहकर भी जग में नहीं रहता उसी को परमपद समझो?

३ आत्मा को किसी ने उत्पन्न नहीं किया, और न आत्मा ने किसी को उत्पन्न किया। द्रव्य स्वभाव से वह नित्य है पर्याय से वह अनित्य है?

४ जीव का कर्म अनादि है हे जीव? उसने कर्म पैदा नहीं किया कर्म ने भी जीव पैदा नहीं किया इसलिए दोनों आदि नहीं हैं।

५ जीव बंध और मोक्ष दोनों कर्म करता है आत्मा कुछ नहीं करता यह निश्चय से कहा जाता है?

६ पेक्खिवि—देखकर। बंभु—ब्रह्म। अप्पाणु—अपने को।

मेल्लिवि सयला अवक्खडी, जिय, णिच्चितउ होइ।
चित्तु णिवेसहि परम पए, देउ णिरंजणु जोइ ॥७॥

जोइय, णिय-मणि णिम्मलए पर दीसइ सतु।
अवरि णिम्मलि घण रहिए भाणु जि जेम फुरंतु ॥८॥

राए रंगिए हियडए देउ ण दीसइ संतु।
दप्पणि मइलए बिंबु जिम, एहउ जाणि णिभंतु ॥९॥

जहिं भावइ तहिं जाइ जिय, जं भावइ करि तं जि।
केम्वइ मोक्खु ण अत्थि पर, चित्तहं सुद्धि ण जं जि ॥१०॥

सिद्धिहं केरा पथडा, भाउ विसुद्धउ एक्कु।
जो तसु भावइ मुणि चलइ, सो किम होइ विमुक्कु ॥११॥

बुज्झइ सत्थइं तउ चरइ, पर परमत्थु ण वेइ।
ताव ण मुंचइ जाम णवि इहु परमत्थु मुणेइ ॥१२॥

चेल्ला चेल्ली पेत्थियहिं तूसइ मूढु णिभंतु।
एयहिं लज्जइ णाणियउ बंधहं हेउ मुणंतु ॥१३॥

सता विसय जु परिहरइ, बलि किज्जउ हउ तासु।
सो दइवेण जि मुंडियउ, सीसु खडिल्लउ जासु ॥१४॥

मोक्खु म चिंतहि जोइया, मोक्खु न चिंतउ होइ।
जेण णिबद्धउ जीवडउ मोक्खु करेसइ सोइ ॥१५॥

'परमप्पयास'

णिम्मलु णिक्कलु सुद्ध जिणु णिण्हु बुद्धु सिव संतु।
सो परमप्पा जिण भणिउ एहउ जाणि णिभंतु ॥१॥

---

७ अवक्खडी—झंझट। णिच्चितउ—निश्चिंत।

८ घण रहिए—घन रहित अवरि—आकाश में, फुरंतु—चमकता है।

१० केम्वहि—किसी भी तरह चित्तहं—चित्त की।

११ सिद्धहं केरा—सिद्धों का विमुक्कु—विमुक्त।

१२ सत्थइं—शास्त्रों को। वेइ—जानता है। (वृत्ति)

१३ तूसइ—संतुष्ट रहता है, णाणियउ—ज्ञानी, हेउ—हेतु कारण।

१४ सता—विद्यमान। बलि किज्जउ—बलिहारी करता हूं।

१५ करेसइ—करेगा।

जो परमप्पा सो जि हउं, जो हउं सो परमप्पु ।
इउ जाणेविणु, जोइया, अण्णु म करहु वियप्पु ॥२॥

जाम ण भावहि, जीव, तुहु, णिम्मल अप्प सहाउ ।
ताम ण लब्भइ सिव गमणु जहिं भावइ तहिं जाउ ॥३॥

वउ तउ संजमु सीलु जिय ए सव्वइ अकयत्थु ।
जाव ण जाणइ इक्क परु सुद्धउ भाउ पवित्तु ॥४॥

ताम कु-तित्थइ परिभमइ, धुत्तिम ताम करेइ ।
गुरुहु पसाएं जाम णवि, अप्पा देउ मुणेइ ॥५॥

पुण्णिं पावइ सग्ग जिउ, पावएं णरय णिवासु ।
वे छंडिवि अप्पा मुणइ, तो लब्भइ सिव-वासु ॥६॥

देहा देवलि देउ जिणु जणु देवलिहिं णिएइ ।
हासउ महु पडिहाइ इहु, सिद्धे भिक्ख भमेइ ॥७॥

आउ गलइ णवि मणु गलइ, णवि आसाहु गलेइ ।
मोहु फुरइ, णवि अप्प हिउ, इम संसार भमेइ ॥८॥

जेहउ मणु विसयहं रमइ तिमु जइ अप्प मुणेइ ।
जोइउ भणइ हो जोइयहु लहु णिव्वाणु लहेइ ॥९॥

धधइ पडियउ सयल जगि, णवि अप्पा हु मुणंति ।
तहि कारणि ए जीव फुडु, ण हु णिव्वाणु लहंति ॥१०॥

जइ लोहम्मिय णियड बुह तह सुणम्मिय जाणि ।
जे सुहु असुहु परिच्चयहिं, ते वि हवंति हु णाणि ॥११॥

---

२ सो जि हउ—वही मैं हूँ, जाणविणु—जानकर वियप्पु—विकल्प ।
३ अप्प सहाउ—आत्म स्वभाव, लब्भइ— पाया जाता है ।
४ वउ—व्रत, तउ—तप ।
५ धुत्तिम—धूर्तता पसाएँ—प्रसाद से ।
६ पुण्णि—पुण्य से । छंडिवि —छोड़कर ।
७ देहा देवलि—देहरूपी मंदिर, पडिहाइ—प्रतिभासित होता है, भिक्ख—भीख भमेइ—भ्रमण करता है ।
८ अप्प हिउ—आत्महित फुरइ—चमकता है ।
९ विसयहं— विषयों में । णिव्वाणु—निर्वाण ।
११ लोहम्मिय—लोह मय सुणम्मिय— —स्वर्णमय परिच्चयहिं—छोड़ते हैं ।

जं वडमज्झइ बीउ फुडु, बीयह वडु वि हु जाणु।
तं देहह देउ वि मुणहि, जो तइ-लोय पहाणु ॥१२॥
जो जिण सो हउ, सो जि हउ, एहउ णिभंतु।
मोक्खहं कारण जोइया, अण्णु ण तंतु ण मंतु ॥१३॥
योगसार

---

१२ तइलोय—त्रिलोक।
१३ णिभंत—निर्भ्रान्त तंतु मंतु—तंत्र मंत्र।

मुनि रामसिंह

गुरु दिणयरु, गुरु हिमकिरणु गुरु दीवउ गुरु देउ।
अप्पा परहं परपरहं जो दरिसावइ भेउ ॥१॥

उप्पलि चोप्पडि चिट्ठ करि देहि सु मिट्ठाहार।
सयल वि देह णिरत्थ गय जिह दुज्जणि उवयार ॥२॥

मणु मिलियउ परमेसरहो परमेसरु वि मणस्स।
विण्णि वि सम रस हुइ रहिय, पुज्ज चडावउ कस्स ॥३॥

भितर चित्ति वि मइलियइ बाहिरि काइ तवेण ?
चित्ति णिरंजणु को वि धरि मुच्चहि जेम मलेण ॥४॥

हत्थ अहुट्टहं देवली बालहं णाहि पवेसु।
संतु णिरंजणु तहिं वसइ णिम्मलु होइ गवेसु ॥५॥

हउँ सगुणी पिउ णिग्गुणउ, णिल्लक्खणु णीसंगु।
एक्कहिं अंगि वसंतयहं मिलिउ ण अंगहिं अंगु ॥६॥

देह गलंतहं सवु गलइ मइ सुइ धारणा धेउ।
तहिं तेहइ वढ अवसरहिं विरला सुमरहिं देउ ॥७॥

छह दंसण धंधय पडिय मणहं ण फिट्टिय भंति।
एक्कु देउ छह भेउ किय तेण ण मोक्खहं जंति ॥८॥

मुनि रामसिंह —२ उप्पलि—[illegible]। चोप्पडि—चुपड़कर। चिट्ठकरि—बैठाकर।
उवयार—उपकार।

३ विण्णि—दोनों। पुज्ज—पूजा।

४ भितर चित्ति—भीतर चित्त में।

५ हत्थ अहुट्टह—साढ़े तीन हाथ का।

७ मइ—बुद्धि। सुइ—श्रुति शास्त्र। तेहइ—[illegible]। अवसरहिं—अवसरों पर। धेउ—ध्येय।

ᳲ छह दंसण-धंधय पडिय—६ दर्शनों के धंधे में पड़ा हुआ।

पोत्था पढणि मोक्खु कहं मणु वि असुद्धउ जासु।
वहु यारउ लुब्धउ णवइ मूल ट्ठिउ हरिणासु ॥९॥
तित्थइ तित्थ भमेइ वढ, धोयउ चम्मु जलेण।
एहु मणु किम धोएसि तुहुँ मइलउ पाव मलेण ॥१०॥
अग्गइ पच्छइ दह दिहहिं जहिं जोवउ तहं सोइ।
ता महु फिट्टिय भतडी, अवसु ण पुच्छइ कोइ ॥११॥
जो पइ जोइउ जोइया तित्थइ तित्थ भमेइ।
सिउ पइ सहु हिंहिडियउ लहिवि ण सक्किउ तोइ ॥१२॥
मूढा जोवइ देवलइ, लोयहिं जाइं कियाइं।
देह ण पिच्छइ अप्पणिय, जहिं सिउ सतु ठियाइं ॥१३॥
जइ लद्धउ माणिक्कडउ, जोइय, पुहुवि भमत।
बधिज्जइ णिय कप्पडइ जोइज्जइ एक्कत ॥१४॥

देवसेन

दुज्जणु सुहियउ होउ जगि, सुयणु पयासिउ जेण।
अमिउ विसें, वासरु, तमिण, जिम मरगउ कच्चेण ॥१॥
इक्कु वि तारइ भव-जलहि बहु दायार सुपत्तु।
सु परोहणु एक्कु वि बहुय दीसइ पारहु णितु ॥२॥

---

९ पोत्था पढणि—पोथी पढ़ने से। बहुयारउ—बधकार। लुब्धउ—लुब्धक—शिकारी। मूलट्ठिउ—मूल स्थित। हरिणासु—हरिणों के।

१० तित्थइ तित्थ—तीर्थों से तीर्थ मइलउ—मला भतडी—भ्रांति।

१२ पइ सहु—तुम्हारे जैसा। हिंहिडियउ—घूमता फिरा। लहिवि ण सक्किउ—पा नहीं सका।

१३ मूढा—मूर्ख, लोयहिं—लोगों ने जिन्हें बनाया, पिच्छइ—पहचानता। अप्पणिय—अपनी। ठियाइं—स्थित हैं।

१ सुहियउ—सुहित कल्याण। सुयणु—सुजन, सज्जन। अमिउ—अमृत। वासरु दिन। मरगउ—मरकत। कच्चेन—काच से।

२ बहुदायार—बहु देने वाला दाता। सु परोहण—नाव।

धम्म-सरूवें परिणमइ चाउ वि पत्तहँ दिण्णु ।
साइय जलु सिप्पिहिं गयउ मुत्तिउ होइ रवण्णु ॥३॥

जइ गिहत्थु दाणेण विणु जगि पभणिज्जइ कोइ ।
ता गिहत्थु पंखि वि हवइ जें घरु ताहँ वि होइ ॥४॥

जं दिज्जइ तं पावियइ एउ ण वयणु विसुद्धु ।
गाइ पइण्णइ खडभुसइं किं ण पयच्छइ दुद्धु ॥५॥

धम्में जाणहिं जंति णर, पावें जाणि वहंति ।
घर पर गेहोवरि चढहिं कूप-खणय तलि जंति ॥६॥

धम्में इक्कु वि बहु भरइ, सइ भुक्खियउ अहम्मु ।
वडु बहुयइं छाया करइ तासु सहइ सइ घम्मु ॥७॥

एक्क वि इंदिय मोक्कलउ पावइ दुक्ख सयाइं ।
जसु पुणु पंच वि मोक्कला तसु पुच्छिज्जइ काइं ॥८॥

काइं बहुत्तइं जंपियइं, जं अप्पहु पडिकूलु ।
काइं मि परहु ण तं करइ एहु जि धम्महु मूलु ॥९॥

मणुयहं विणय विवज्जियहं गुणु सयल वि णासंति ,
अह सरवरि विणु पाणियइं कमलइं केम रहंति ॥१०॥

सावयायार

---

५ पावियइ—पाया जाता है, गाइ—गाय पइण्णइ—खाती है खडभुसइं—घास भूसा । पयच्छइ—देती है दुद्धु—दूध ।

६ जाणहिं—याना से, जंति—जाते हैं पावें—पाप से, वहंति—ले जाते हैं वहन करते हैं ।

७ बहु भरइ—बहुतों का तारता है सइ—स्वयं वडु—वट, बहुयहं—बहुतों को । छाया करइ—छाया करता है घम्मु—घाम ।

८ मोक्कलउ—मुक्त दुक्खसयाइं—सैकड़ों दुःख पुच्छिज्जइ काइं—पूछना क्या ?

९ काइं बहुत्तइं जंपियइं—बहुत कहने से क्या ?

१० विणय विवज्जियहं—विनय से रहितों के । केम रहंति—कैसे रहते हैं ।

'सन्देशरासक' समाप्त विप्रलंभ श्रृंगार [illegible] काव्य है। विरहिणी नायिका वियोग से व्याकुल है। पथिक को [illegible], वह अपना [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] हो उठता है, [illegible] विचार [illegible] [illegible] है कि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है, उसकी [illegible] प्रतिक्रिया उस पर हुई [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है, [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] वर्षा की समाप्ति के साथ [illegible] [illegible] समाप्त है और नायिका का [illegible] पर लौट आता है।

अब्दुलहमारन (अद्दहमान)

ऋतु वर्णन

गय गिम्हागमि पहिय णाहु जं पवसियउ
करवि करंजुलि सुइ समुद्द मइ णिवसियउ
तणु अणुअवि पजुट्टि विरह दवि तविय तणि
पालिवि पत्त णिय सुयणि धिसठुल विहलमणि ॥१॥
जन जीवइ निम घंचनु यहदनु साहसहइ
सहतदयहि घर तिदइ ण तैयह भग सहइ।
अइउ इउ धोमयलि पइनगु ज थइ,
तं मन्थरु विरहिणिहि अगु परिसिउ दहइ। ॥
तइ पत्तिहि संसग्गिहि चूयारसिरिय।
पीरपंति परियसयइ णियत्त णिरंतरिय।
लइ पल्लव फुल्लति समुट्ठिय, फरण तुरि,
हुउ किय णिरमाहार पहिय साहार वणि ॥ ॥

तणु घणसारिण चन्दणिण अलिन नि निरि पन्चति ।
पुण नि पिएण न उन्हवइ पियविरहग्गि निभन्ति ॥४॥

वर्षा

वगु मिल्हवि सलिलद्दहु तरुसिहरिहि चडिउ
तहवु करिवि सिहडिहि वर सिहरिहि रडिउ ।
सलिल निरहि सालुरिहि फरसिउ रसिउ सरि
वलयलु किउ क्लयठिहि चडि चूयइ सिहरि ॥५॥
मन्छरभय सचडिउ रनि गोयणिहि,
मणहर रमियइ नाहु रगि गोयणिहि ।
हरियाउलु धरवलउ कयणिए महमहिउ
भियउ भगु अणगि अणगिण मह अहिउ ॥६॥
णवमेहमालमालिय णहम्मि सुरचाव रत्तदिसि पसरो।
घणछन्न जम इ दोइणहि पिय पावस दुसह ॥७॥

शरद्

सोहइ सलिलु सरिहि सयरत्तिहि
विविह तरग तरगणि उतिहि ।
ज हय हीय गिभि णत्र सरयह
तं पुण सोह चडी णत्र सरयह ।१०॥

---

४ लोग शरीर को कपूर और चन्दन से व्यय चर्चित करते क्योंकि विरहाग्नि तो प्रिय ही बुझा सकता है ?

वर्षा —५, बगुले सरोवर छोडकर तरु शिखरो पर चढ गए नाचते हुए मोर शिखरों पर बोल उठे मढक तालावो म कठोर आवाज कर रहे हैं आम्रवृक्षों पर कोयलें बोल रही हैं। ६ मच्छरो के डर से गायो का झुण्ड ऊंची टेकरी पर चढ गया है गोपियाँ अपने पतियो के साथ सुन्दर गीत गा रही हैं कदम्बों से हरीभरी धरती महक उठी है ? कामदेव अग अग को दग्ध कर रहा है। ७ नव मेघमालाओ से गुफित आकाश और लाल लाल दिशा में इन्द्रधनुष का प्रसार! और बहुदिनो से अत्यन्त ढका हुआ पावस एकदम असह्य है।

शरद —१० समवर्ति [illegible] नतरगिनियो से। बहती हुई नदी विविध तरगों से। ग्रीष्म ने [illegible] शोभा आहृत कर छीन ली थी, वह अब शरद् पर फिर चढ

इ निहि पंडुरवि पुट्टिवि रमु,
तिउ पसयउ सुमणोहरु सुरदसु ।
उच्छलि भुवण भरिय सयदिसिहि
गयउलरिनिल पहिन्निय निपहि ॥११॥

निम्मउं पहिय जलिहि मिग्गनिहि
निग्गउं नग्गोयहि नग्गनिहि ।
सारस सरसु रसहि कि सारसि ।
मह चिर जिएण दुक्खु कि मारसि ॥१२॥

तिउ मारयलि तुरविक तिलरिहय ।
यु कुमि चंदणि तणु पन्नसरिय,
सोरंदहि करि लियहि पिरंतिहि,
दिव्व मणोहरु गेउ गिरंतिहि ॥१३॥

धूव दिंति गुरुमसि सइत्तिहि,
गोआमगिहि तुरंग पलतियहि ।
तं जोइवि हुउ खिय उम्भिन्निय,
योय महिय मह इच्छ भन्निय ॥१४॥

दारय यु ढाल तंडव पर,
भमहि रलिय यायंतय सुन्दर ।
